कार्यशाला आयोजित

उदयपुरवाटी (निसं)। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार एचडीएफसी बैंक में वित्तीय साक्षरता सप्ताह कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन हुआ। शाखा प्रबंधक देवकरण जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कृषि पर्यवेक्षक संगीता सैनी, मुख्य वक्ता एडवोकेट मोतीलाल सैनी थे। इस अवसर शाखा प्रबंधक देवकरण जांगिड़ ने जानकारी देते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से राजीविका व स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन वित्तीय समझदारी-समृद्ध नारी की थीम पर आयोजित हो रहा है। मुख्य अतिथि संगीता सैनी ने कहा इस अभियान के माध्यम से महिलाओं को वित्तीय अनुशासन एवं समझदारी से निर्णय लेने के प्रति जागरूक करना है। एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि एक महिला को अपने दैनिक जीवन की आवश्यकताओं के संदर्भ में निश्चित रूप से बचत व निवेश करना चाहिए। एक ग्राहक को जिम्मेदारी के साथ ऋण लेकर, अच्छा क्रेडिट स्कोर बनाए रखना चाहिए। इस मौके पर श्री कृष्णा एसएचजी ग्रुप लोहार्गल को तीन लाख रूपये का ऋण प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन हरफूलसिंह सैनी ने किया। इस दौरान कार्यशाला में विवेक सिंह, कीर्ति अग्रवाल, बंटी सेन, राजीविका लोन ऑफिसर मुकेश कुमार आदि रही।

नीमकाथाना जिला निरस्त किये जाने के विरोध में धरना जारी

पाटन (निसं)। नीमकाथाना जिले की पुन: बहाली को लेकर आज नगरपरिषद वार्ड नं. 20 में क्रामिक भूख हड़ताल लालचंद मेहरा, सतीष इंशा, घनश्याम बन्डोदिया, विडदीचंद, भगवान सहाय, अनिल, महावीर प्रसाद सैनी, गजानन्द सिरोदिया, हरचंद जाखड, महेन्द्र जाखड़, कमल जाखड, रोहित कुमार धरने पर बैठकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर टायर जलाकर विरोध किया।

महेश मेगातिया ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अन्याय पूर्वक जिला निरस्त किया है इसके खिलाफ आम जनता में भी भारी आक्रोष है। जबकि नीमकाथाना जिले बनने के सभी मापदण्ड पूरा करता था फिर भी राजनैतिक द्वैवस्ता से नीमकाथाना जिले को निरस्त करने का काम किया है। जनता में सरकार के इस फैसले को लेकर भारी आक्रोष है। सतीश इनसा ने कहा कि यहां की जनता ने जो आंदोलन किया है, वह केवल प्रशासनिक फैसले के खिलाफ नहीं, बल्कि यह भी एक संकेत है कि सरकार को जनहित में और संवेदनशील निर्णय लेने की आवश्यकता है। यदि इस तरह की समस्याओं को नजरअंदाज किया जाता है, तो यह भविष्य में और भी बडे संकटों को जन्म दे सकता है।

यदि इस तरह के मुद्दों पर सरकार की अनदेखी और असंवेदनशीलता बढ़ती है, तो जनता की नाराजगी और आंदोलन और भी तीव्र हो सकता है, जिसका असर पूरे राज्य की राजनीति पर पड सकता है। इसलिए, समय रहते नीमकाथाना जिला वापस बनाने के मुद्दे का समाधान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। भगवान सहाय ने नीमकाथाना को जिला यथावत रखने की मांग कि है, अगर सरकार ऐसे ही इस मुद्दे को नजरअंदाज करती रही, तो यह न केवल नीमकाथाना बल्कि पूरे सीकर संभाग में असंतोष और उपेक्षा की भावना को बढ़ावा देगा। इससे शासन और प्रशासन की नकारात्मक छवि बनेगी।इस दौरान जिला बचाओं संघर्ष समिति के सदस्य बसंत यादव, नरेश टेलर मीडिया प्रभारी भी शामिल रहे।

होम्योपैथी चिकित्सा शिविर में रोगी लाभान्वित

सीकर/लक्ष्मणगढ़, (निसं)। शेखावाटी होम्योपैथिक मेडिकल एसोसियेशन, चूरू एवं विशाल सिंह जी शेखावत निहाल कंवरसा मेमोरियल ट्रस्ट कुमास/चूरू के संयुक्त तत्वावधान में लक्ष्मणगढ़ स्थित श्रद्धानाथ आश्रम में एक दिवसीय नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 230 रोगी लाभान्वित हुए। सिद्ध संत श्रद्धानाथजी महाराज की 40वीं पुण्यतिथि महोत्सव पर पीठाधीश्वर पद्मश्री संत बैजनाथ जी महाराज के सानिध्य में शिविर सम्पन्न हुआ। आश्रम के प्रकाशनाथजी महाराज ने श्रद्धानाथजी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण करके शिविर शुभारम्भ किया। शेखावाटी में होम्योपैथी के पुरोधा, अन्तर्राष्ट्रीय वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अमरसिंह शेखावत के नेतृत्व में डॉ.बी.एल. गौड़, डॉ. राजपाल मायल, डॉ. कौशल, डॉ. डी.दास, डॉ. हर्षवद्र्धन सिंह शेखावत, विजय कुमार गोस्वामी एवं उनकी टीम ने नि:शुल्क सेवाएं दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं चिकित्सा शिविर प्रभारी डॉ. अमरसिंह शेखावत ने बताया कि शिविर प्रारंभ से ही भीड़ लगी रही जिसमें पथरी, गठिया, रसोली, चर्म रोगी, एलर्जी-नजला, पाईल्स, प्रोस्ट्रेट, फीसर, फिस्चुला, नासूर, बच्चेदानी की गांठ, टांसिल, ट्यूमर, सोरायसिस, सफेद दाम, पित्ती, बाल झाड़ना, दमा (श्वास), एग्जीमा के अतिरिक्त स्त्री एवं बच्चों के रोगियों की संख्या अधिक रही। रोगियों को जरूरत के अनुसार दो माह तक की सभी दवाईयां नि:शुल्क प्रदान की गई।

सार-समाचार

देशी कट्टा व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार

खेतड़ी, (निसं)। मेहाड़ा पुलिस ने देर शाम को अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। थानाधिकारी भजनाराम ने बताया कि हरियाणा सीमा से सटे इलाकों में अवैध हथियारों की धरपकड को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस को गश्त के समय सूचना मिली कि एक लडका सिहोड़ की तरफ जा रहा है, जिसके पास देशी कट्टा है। सूचना पर थानाधिकारी मय जाप्ता के सिहोड़ जाने वाली रोड़ पर पहुंचे तथा नाकाबंदी कर आने जाने वालों की जांच की। इस दौरान एक लड़का जाता हुआ दिखाई दिया जो पुलिस गाडी को देखकर भागने का प्रयास करने लगा तो पुलिस टीम द्वारा पीछा कर पकड कर नाम पता पुछा तो अपना नाम अशोक कुमार उर्फ बाबा पुत्र जयमल गुर्जर निवासी बाडलवास होना बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसकी पैंट में छुपाया हुआ एक देशी कट्टा व एक कारतूस मिला। युवक को अपने पास हथियार रखने बाबत लाईसेंस व कागजात के बारे में पुछा तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जिस पर पुलिस ने एक अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस जब्त कर आरोपी बाडलवास निवासी अशोक कुमार उर्फ बाबा पुत्र जयमल गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से अवैध हथियार के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी भजनाराम, एचसी हरिराम, कांस्टेबल रोहिताश, कपिल कुमार, सतीश कुमार आदि शामिल थे।

वर्कशॉप का आयोजन

सूरजगढ़, (निसं)। टैगोर पब्लिक स्कूल में छात्राओं के लिए एक बहुत विशेष वर्कशॉप "हेल्दी माइंड्स, हेल्दी फाइंड्स" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ संस्था की फाउंडर पूर्व सांसद संतोष अहलावत व मैनेजिंग डायरेक्टर दीक्षा तन्मय अहलावत के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। मुख्यत: वर्कशॉप को लोकेश कंवर एवं विद्यालय कॉर्डिनेटर मोनिका दड़िया ने संबोधित किया। जिसमें पर्सनल हाइजीन, सैनीटाइजेशन, टीनेज में आकर्षण, जेंडर सेंसिटाइजेशन प्रमुख बिंदू रहे। इन सभी गंभीर मुद्दों पर बहुत स्पष्टता से बात की गई और छात्राओं को इन सभी के दूरगामी प्रभावों से अवगत करवाया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर दीक्षा तन्मय अहलावत एवं संस्था फाउंडर संतोष अहलावत ने भी इन मुद्दों पर छात्राओं से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि परिप्रेक्ष्य में बच्चों के साथ इस तरह की चर्चा करना बहुत जरूरी है। जानकारी के अभाव कई बार बच्चे गलत रास्ता अपना लेते हैं। जिसके दूरगामी परिणाम गलत साबित होते हैं। संस्था प्राचार्य रणधीर सिंह एवं उप प्राचार्य बलवान भास्कर ने बताया कि समय समय पर विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में इस तरह की वर्कशॉप का आयोजन होता रहता है।

भाजपा ने डोटासरा का पुतला दहन किया

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी (निसं)। पीसीसी चीफ लक्ष्मनगढ विधायक गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के खिलाफ की गई टिप्पणी के विरोध में भाजपाइयों ने डोटासरा का गुरुवार को बस स्टैंड पर पुतला दहन किया गया तथा राज्यपाल के नाम ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज बाटड की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने कस्बे के पुराने बस स्टैंड से चौपड होते हुए चौकी तक शव यात्रा निकाल कर नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश पालड़ी, शहर मंडल अध्यक्ष ललित पंवार, बलारां मंडल अध्यक्ष भरत सिंह सरावग, पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी, मनोज शर्मा, प्यारेलाल कटारिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष चंद्रकांत जाजोदिया, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष विनीत सोनी, एससी मोर्चा अध्यक्ष संतोष वाल्मिकी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

विधायक ने आर्थिक मदद की

नवलगढ़, (निसं)। ज्योति होटल के सामने सड़क हादसे में जान गवाने वाले दादा पोते के घर शोक सभा में पहुंचे विधायक विक्रम सिंह जाखल ने दोनों के परिजनों मिले और सरकार की ओर से जल्द ही मदद का भरोसा दिलाया। वहीं अपनी ओर से भगीरथमल के परिवारजनों एक लाख रूपए दिए।

शेखावाटी विवि और हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि के बीच हुआ एमओयू

सीकर (निसं)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर और हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू), जयपुर के बीच शोध और शैक्षिणक आदान-प्रदान को लेकर एमओयू (मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टेडिंग) हुआ है।

शेखावाटी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि इस समझौते के तहत शेखावाटी विश्वविद्यालय और हरिदेव जोशी पत्रकारिता विवि, शिक्षा, शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में संयुक्त रूप से काम करेंगे। प्रो. राय ने कहा कि यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा। एमओयू से दोनों विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा और शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।

एमओयू पर शेखावाटी विवि की रजिस्ट्रार श्वेता यादव और हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार भंवरलाल ने हस्ताक्षर किए। उन्होंने बताया कि यह समझौता हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुधी राजीव की सहमति और सुझावों से तीन वर्ष के लिए किया गया है। प्रोफेसर राय ने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों और शिक्षकों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देंगे और सामाजिक विकास के लिए संयुक्त पहल करेंगे। इसका लाभ दोनों विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को मिलेगा। कुलपति प्रो. राय ने बताया कि दोनों विश्वविद्यालय अपने शैक्षिणक कार्यकमों, पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता के विकास को लेकर अपने विशेषज्ञों और उपलब्ध संसाधनों का भी पारस्परिक रूप में उपयोग कर सकेंगे। साथ ही दोनों संस्थान अपने छात्रों के लिए ऑनलाइन रिसर्च इंटर्नशिप को प्रोत्साहित करने का भी काम करेंगे।

फैकल्टी के साथ ही स्टूडेंट एक्सचेंज, संयुक्त सेमिनार और वर्कशॉप, अल्पकालीन शैक्षिणक कार्यक्रम, टैक्नोलॉजी ट्रांसफर जैसे मुख्य आयामों को भी इस एमओयू में शामिल किया गया है। उच्च शिक्षा और नई शिक्षा नीति के क्षेत्र में नए अवसरों और सहयोग के लिए रणनीतियों को शामिल किया गया। शेखावाटी विवि के डिप्टी रजिस्ट्रार (एकेडेमिक) डॉ. रवींद्र कुमार कटेवा, असिटेंट रजिस्ट्रार (परीक्षा) डॉ संजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरिंदम बासु, डिप्टी डायरेक्टर आईटी पंकज मील और मीडिया प्रभारी डॉ. महेश गुप्ता समेत सभी कर्मचारियों ने इस एमओयू पर खुशी व्यक्त की है।

भामाशाहों का सम्मान किया

चूरू (निसं)। श्री कृष्ण गौ सेवा समिति चलकोई द्वारा गौशाला में विधायक हरलाल सहारण की अध्यक्षता में व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड के मुख्य आतिथ्य में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान वापी गुजरात के गायक महेंद्र स्वामी द्वारा 'एक शाम गौ माता के नाम कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित जन को झूमने पर मजबूर कर दिया।

गौशाला अध्यक्ष ध्रुवपाल सिंह ने बताया कि शिवरात्रि पर्व पर श्री कृष्ण गौ सेवा समिति चलकोई में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि राजेन्द्र राठौड़ ने गौ-अस्पताल, अनाज भंडार व चारा भंडार का उद्घाटन किया और भामाशाहों का माल्यार्पण कर, दुपट्टा पहनाकर व प्रतिक चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। भामाशाह भंवर लाल गोदारा ने गौशाला में राधा कृष्ण मंदिर का निर्माण करवाया। शास्त्री रामस्वरूप शर्मा ने नव निर्मित राधाकृष्ण व शिव मन्दिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा विधिवत् पूजा-अर्चना कर करवायी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रधान दीपचंद राहड़, भाजपा नेता विक्रम सिंह कोटवाद, राजवीर सिंह चलकोई, मोहन सिंह राठौड़, डॉ. ओमप्रकाश दाधीच जोधपुर, सरपंच भंवरलाल, रामदेव मेघवाल, महात्मा गुरू कृष्ण गिरी, पदम सिंह राठौड़, कथावाचक बुधराम शर्मा व समाज सेवी नंदलाल गुरावा थे। कार्यक्रम में भामाशाह राजवीर सिंह चलकोई ने पांच लाख रुपए, सुगनी देवी सहजुसर ने दो लाख रुपए, पूर्व नेता प्रति पक्ष राजेन्द्र राठौड़, ठेकेदार प्रताप सिंह राठौड़, प्रहलाद राय स्वामी ने एक-एक लाख रुपए, विधायक हरलाल सहारण, ध्रुव पाल सिंह बीका, प्रधान दीप चंद राहड, अर्जुन सिंह बीका ठेकेदार, सुरजन सिंह बीका ने 51-51 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग गौशाला में दिया। कार्यक्रम में चलकोई विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान ज्ञान प्रकाश, मुकेश नेहरा व धर्मपाल ने बताया कि इस परिसर में सैंकडों पौधें लगाकर पार्क बनाया जायेगा। सरपंच भंवर लाल स्वामी ने गौशाला के लिए एक बीघा भूमि प्रदान की। इस अवसर पर इंद्रपुरा सरपंच किशन, पूर्व सरपंच अमर सिंह बुडानिया, पूर्व सरपंच चेतराम सहारण, प्रहलाद सिंह, रतन सिंह, महेंद्र स्वामी, कृष्ण स्वामी, मुकेश नेहरा, सज्जन सिंह, परबत सिंह, श्रवण जांगिड़, दशरथ सिंह सहित विद्यालय स्टॉफ सदस्य व ग्रामीण महिला-पुरूष उपस्थित थे। गौशाला के राजेंद्र दाधीच ने सभी का आभार व्यक्त किया।

नगर युवा संघ की बैठक

झुंझुनूं, (निसं)। नगर युवा संघ झुंझुनूं द्वारा राजपूत कॉलोनी रेलवे स्टेशन के पीछे शहीद चंद्रशेखर आजाद की चित्र पर पुष्प अर्पित कर पुण्यतिथि बनाई गई। योगेंद्र कुंडलवाल ने आजाद के बलिदान का स्मरण करते हुए बताया कि 27 फरवरी 1931 को मात्र 18 वर्ष की आयु में चंद्रशेखर आजाद ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

विज्ञान मेला आयोजित

चूरू (निसं)। स्थानीय एस.के मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने 60 मॉडल प्रदर्शित किये।

विद्यालय प्रबंधक एल. एन. इन्दोरिया ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है। संस्था प्रधान अनिल शर्मा व राजीव शर्मा ने बताया कि विज्ञान दिवस पर विज्ञान मेले के आयोजन से विद्यार्थियों में नवीन वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है। शर्मा ने बताया कि विद्यालय में विज्ञान मेले का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस मेले में जूनियर सेक्शन में कक्षा 4 की सुहासिनी ने प्रथम, कक्षा 4 की पलक व कक्षा 5 जागृति ने द्वितीय, कक्षा 3 के हसन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर सेक्शन में कक्षा 7 के फरहान ने प्रथम, कक्षा 7 के फलहा ने द्वितीय व कक्षा 6 के अकरम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विज्ञप्ति

हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना, साधारण प्रारूप व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्याक-4 न्यायालय जिला जज महोदय, सीकर

आवेदन संख्या 63/2020

उमरदीन मुगल पुत्र जमालुद्दीन जाति मुसलमान निवासी वार्ड नम्बर 34, कुरेशी क्वार्टस, मोहल्ला शेखपुरा सीकर तहसील व जिला सीकर (राज.) आधार नम्बर 5335 3416 0740, मो. नं. 8890136261 -- आवेदक

बनाम

1. के फीन टेक्नोलोजीज लिमिटेड यूनिट लार्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, सेलीनियम बिल्डिंग, टॉवर-बी, प्लॉट नम्बर-31 व 32, फाईनेन्सियल डिस्ट्रक्ट, Nankranguda हैदराबाद 500032, तेलंगाना जरिये अधिकृत प्रतिनिधि
2. LARSEN & TOURBRO LIMITED, Reg. Office-L & T House, Ballard Estate, Mumbai-400001 जरिये निदेशक
3. हर खास व आम -- अनावेदकगण

आवेदन पत्र अन्तर्गत आदेश 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 बाबत् उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित है कि आवेदक की पत्नी खातुन मुगल के नाम से आवेदक ने अनावेदक संख्या-1 शेयरप्रो सर्विसेज (इण्डिया) प्राईवेट लिमिटेड (अब के फीन टेक्नोलोजीज लिमिटेड यूनिट लार्सन एड टूब्रो लिमिटेड) अनावेदक संख्या-2 LARSEN & TOURBRO LIMITED, Reg. Office-L & T House, Ballard Estate, Mumbai-400001 के कुल 50 शेयर क्रय किये थे, Folio No. 05084041 जिनका समय-समय पर लाभांश व बोनस प्राप्त होने पर वर्तमान में कुल 450 शेयर हो चुके हैं। खातुन मुगल की मृत्यु दिनांक 28.01.1992 को हो चुकी है। स्व. खातुन मुगल ने अपने जीवनकाल में उक्त शेयर्स की बाबत कोई वसीयत नहीं किया जाना एवं स्वयं को एकमात्र उत्तराधिकारी होना अंकित कर आवेदक ने उक्त शेयर की वर्तमान सम्पूर्ण राशि प्राप्त हेतु अपने पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र चाहा है। अत: इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह असालतन या वकालतन दिनांक 12.03.2025 को न्यायालय समय पर हाजिर होकर आपत्ति पेश करें अन्यथा नियमानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा। आज दिनांक 25.02.2025 को न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

न्यायालय की आज्ञा से
हस्ता./-
मोहर
प्रशासनिक अधिकारी, जिला एवं सेशन न्यायालय, सीकर (राज.)

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.03.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

चूरू, चूरू राजस्थान, 135110700011134, सरदार शहर, 135720700010421, 0444, 0461, 0467, 135720730026709, 6762, सुजानगढ़, 135090700015068, 5072, 135090750000155, हनुमानगढ़, बाबा शाम सिंह कॉलोनी, 117270700058456, 8488, 117270730040113, 0530, 0531, बस स्टैंड गेट हनुमानगढ़, 117320700029616, 9643, 117320750000043, 0044, नोहर राजस्थान, 135640700028233, 8236, 8238, 8259, 8282, 8302, 8315, 135640730051716, 1908, 135640750000182, नागपुर , तहसील चौक, 115510700021274, श्रीमाधोपुर राजस्थान, 135520730064567, 4675, सीकर, बजाज रोड सीकर, 111830700045108, 5114, 5189, 111830780000119, फतेहपुर राजस्थान, 135330700012151, 2171, 2189,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

उत्तर पश्चिम रेलवे **ई-ऑक्शन सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से बीकानेर मण्डल पर पे एण्ड यूज टॉयलेट, पार्किंग, लीजिंग, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र, Advertisement - out of Home, Advertisement on station premise Non-Digital,, एटीएम ठेको के लिए ई-ऑक्शन प्रारम्भ किये गये है जिनका विवरण निम्न प्रकार है :-

केटलॉग संख्या	कार्य का नाम व स्थान	ई-आक्शन की दिनांक व समय
EA PNU 20	लालगढ़, श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन पर पे एण्ड यूज टॉयलेट की साफ-सफाई हेतु।	दिनांक 10.03.2025 समय 10:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।
EA LEASE 03 25	04717-SLR-F1-HSR-TPTY-25-1 (Parcel-SLR) 14701-SLR-F1-SGNR-BDTS-25-1(Parcel-SLR) 04711-SLR-F1-BKN-BDTS-25-1 (Parcel-SLR) 14707-SLR-F1-LGH-DDR-24-1 (Parcel-SLR)	दिनांक 10.03.2025 समय 11:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।
EA PARKING 24	हिसार रेलवे स्टेशन पर साईकल, स्कूटर, मोटर साईकल पार्किंग स्टेण्ड एवं भिवानी, संगरिया, जैतसर, गजसिंहपुर, हिसार द्वितीय प्रवेश द्वार, हांसी रेलवे स्टेशनों पर साईकल, स्कूटर, मोटर साईकल, कार पार्किंग स्टेण्ड।	दिनांक 10.03.2025 समय 15:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।
EA PMBJK 2	हिसार स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र।	दिनांक 12.03.2025 समय 11:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।
EA LEASE 04 25	22475-SLR-R1-HSR-CBE-25-1(Parcel-SLR) 12240-SLR-R1-HSR-MMCT-25-1(Parcel-SLR) 16588-SLR-R1-BKN-YPR-25-1(Parcel-SLR) 16311-SLR-R1-SGNR-TVCN-25-1(Parcel-SLR) 12486-SLR-R1-SGNR-NED-25-1(Parcel-SLR) 12260-SLR-R1-BKN-SDAH-25-1(Parcel-SLR) 12440-SLR-R1-SGNR-NED-25-1(Parcel-SLR) 22738-SLR-R1-HSR-SC-25-1 (Parcel-SLR) 15633-SLR-R1-BKN-GHY-25-1 (Parcel-SLR) 17019-SLR-R1-HSR-HYB-25-1 (Parcel-SLR) 20471-SLR-R1-LGH-PURI-25-1 (Parcel-SLR) 22308-SLR-R1-BKN-HWH-25-1 (Parcel-SLR) 07054-SLR-R1-BKN-KCG-25-1 (Parcel-SLR) 15910-SLR-R1-LGH-DBRG-25-1 (Parcel-SLR) 22632-SLR-R1-BKN-MDU-25-1 (Parcel-SLR) 12372-SLR-R1-BKN-HWH-25-1 (Parcel-SLR) 14118-SLR-R1-BNW-PRYJ-25-1 (Parcel-SLR) 20846-SLR-R1-BKN-BSP-25-1 (Parcel-SLR) 12495-SLR-R1-BKN-KOAA-25-1 (Parcel-SLR)	दिनांक 17.03.2025 समय 11:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।
EA ADV OHH SA 3	Advertisement - out of Home at: सादुलपुर, गजसिंहपुर, राजलदेसर, अनुपगढ, रामपुराबेरी, श्रीविजयनगर, रामा, नोहर । Advertisement on station premise Non-Digital at:- भिवानी, सिरसा	दिनांक 17.03.2025 समय 15:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।
EA-ATM-03-25	हनुमानगढ़, सादुलपुर, सूरतगढ़, कोसली, भिवानी, चरखीदादरी, रतनगढ़, श्रीगंगानगर, हिसार, गोगामेड़ी रेलवे स्टेशनो पर परिसर में एटीएम लगाने हेतु ।	दिनांक 18.03.2025 समय 15:00 बजे ई-ऑक्शन होगा।

अन्य सूचना एवं नियम व शर्तो के लिये IREPS की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लॉगिन करें।

259-PS/25

हमें /NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

जरूरतमंदों को भोजन करवाया

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीर श्यामसुंदर जालान के सौजन्य से अन्नपूर्णा रसोई नगर परिषद के पीछे जरूरतमंद लोगों को अमावस्या के उपलक्ष में भोजन करवाया गया। कार्यक्रम में संस्था चेयरमैन राजेंद्रप्रसाद जोशी, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. एसके भार्गव, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड आदि रहे।

बीडीके अस्पताल से 8 लैब टेक्निशियन हटाए

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय जिला बीडीके अस्पताल में एक कंपनी के जरिए लगे आठ लैब टेक्निशियनों को अचानक काम से हटा दिया गया। दरअसल गुरूवार सुबह ये आठ लैब टेक्निशियन रोजाना की तरह जब काम पर पहुंचे तो उनके नाम रजिस्टर से गायब थे। लैब के एचओडी ने एक लिस्ट चिपका दी और कहा कि इस लिस्ट में जो नाम है। वो ही हाजिरी रजिस्टर में साइन करेंगे। जिसमें से पिछले सात महीने से काम कर रहे आठ लैब टेक्निशियनों के नाम गायब थे। इन लैब टेक्निशियनों ने अस्पताल के मुख्य दरवाजे के बाहर नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। लैब टेक्निशियन रूचिका चौधरी ने बताया कि उन्हें बिना कोई कारण, बिना कोई नोटिस दिए हटा दिया गया। जबकि नए को ज्वाइन भी करवा दिया गया। जिससे हमारे सामने संकट पैदा हो गया है। आपको बता दें कि अस्पताल में विभिन्न कार्मिकों की सेवा मैन पॉवर सर्विस के रूप में टैंडर के द्वारा ली जाती है। बच्चन कुमार मंगतूराम कंपनी के नाम से इस बार एक साल के लिए टैंडर दिया गया। इसी कंपनी के पास पहले भी टैंडर था। अब जब नया टैंडर लिया है तो कंपनी ने काफी सारे कर्मचारियों को हटाकर नए कर्मचारी लगा दिए है। जिससे यह विवाद हो रहा है। इधर, पीएमओ डॉ. राजवीर राव का कहना है कि यह कंपनी का अपना निर्णय है कि वो किसे लगाता है और किसे हटाता है। निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर टैंडर करवाए गए थे। जिसमें बच्चन कुमार मंगतूराम कंपनी बापू बस्ती झुंझुनूं के नाम टैंडर तय हुआ है।

खाखी बाबा के वार्षिक मेले पर शोभायात्रा निकाली

■ शाम को मेले ओर कुश्ती दंगल का आयोजन होगा

खेतड़ी, (निसं) खेतड़ी उपखंड के डाडा फतेहपुरा में गुरूवार को खाखी बाबा के वार्षिक मेले पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से जगह-जगह शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भक्त बाबूलाल गुप्ता ने बताया कि डाडा गांव की पहाडी पर बना खाखी जी महाराज का मंदिर क्षेत्र के लोगों के लिए आस्था का केंद्र है। खाखी बाबा सेवा संघ हैदराबाद की ओर से हर वर्ष मेले का आयोजन किया जाता है। मेला लगने से पूर्व फतेहपुरा से लेकर मंदिर परिसर तक बाबा की खडाऊ को पालकी में रखकर शोभायात्रा निकाली जाती है।

फतेहपुरा के खाखी भवन से शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया जो विभिन्न मार्गो से होते हुए पहाडी स्थित बाबा के मंदिर परिसर में पंहुची, जहां शोभायात्रा का समापन समारोह आयोजित किया गया।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होने से प्रत्येक व्यक्ति को सनातन धर्म संस्कृति की जानकारी उपलब्ध हो पाती है। इस प्रकार के कार्यक्रमों में सर्व समाज के प्रत्येक व्यक्ति को शामिल होकर अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। मंदिर में बाबा की ज्योत के साथ मेले का आगाज होगा। मेले में मंदिर कमेटी की ओर से कुश्ती दंगल का भी आयोजन करवाया जाएगा। इस दौरान दुर दराज से आकर दंगल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। बाबा के वार्षिक मेले को लेकर मंदिर को भव्य रूप में सजाया गया है। मेले में आस पास के गांवों के अलावा पडोसी राज्यों से भी लोग बच्चों के जात जडूले की धोक लगाने के लिए आते है।

मेले में बेहतर व्यवस्था बनाने को लेकर मेला कमेटी की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं शोभायात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर नंदकिशोर अग्रवाल, किशनलाल, गोपीराम,पवन सिंह निर्वाण, एडवोकेट हवा सिंह निर्वाण, संदीप कुमार, बद्री प्रसाद, राहुल सिंह निर्वाण डाडा, सतपाल सिंह, चतुर्भुज सिंह, हरपाल सिंह, अजीत सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।